# प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 26.06.2025

## कूटरचित दस्तावेजों द्वारा धोखाधड़ी कर लोगों को बिट क्वाईन ट्रेडिंग में ऊंचा रिटर्न देने का प्रलोभन देकर पैसे का गबन करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट के नेतृत्व में उ0नि0 कमलेश प्रताप सिंह मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 340/2025 धारा 316(2),318(4), 61(2),336(3),340, BNS में वांछित अभियुक्त सुशान्त कुमार को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

अभियुक्त द्वारा फॉर्म शेयर ट्रेडिंग बिट क्वाईन के नाम पर गारंटी के साथ ऊंचा रिटर्न देने का प्रलोभन देते हुये आवेदकगण से अपनी ट्रेडिंग कंपनी में पैसा जमा कराया गया व कुछ समय बाद कंपनी बंद कर फरार हो जाने के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

सुशान्त कुमार पुत्र सुनील कुमार निवासी ग्राम बलिया थाना दरौली जनपद सिवान राज्य बिहार

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 340/2025 धारा 316(2),318(4), 61(2),336(3),340 BNS थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. उ0नि0 कमलेश प्रताप सिंह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. का0 शुभम कुमार थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. का0 ताज विजय थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर